वार्षिक प्रतिवेदन

2015-2016

भौतिकी संस्थान

भुवनेश्वर

भौतिकी संस्थान
सचिवालय मार्ग
डा.घ.- सैनिक स्कूल
भुवनेश्वर- 751 005
ओड़िशा, भारत
दूरभाष : +91-674- 2306 400/444/555
फैक्स : +91-674- 2300142
यूआरएल: http://www.iopb.res.in

संपादक

प्रो. डी. तोपवाल

प्रो. अ. साहा

प्रो. बी. आर. शेखर

द्वारा प्रकाशित

श्री राजेश महापात्र

द्वारा संकलित

विषयवस्तु

संस्थान के बारे में

शासी परिषद

निदेशक की कलम से

1. *सुविधायें* 01

2. *शैक्षणिक कार्यक्रम* 17

3. *अनुसंधान* 23

4. *प्रकाशन* 65

5. *शैक्षणिक गतिविधियों के 40वें वर्षगांठ समारोह* 77

6. *परिसंवाद तथा संगोष्ठियाँ* 87

7. *सम्मेलन तथा अन्य घटनायें* 101

8. *अन्य गतिविधियाँ* 109

9. *कार्मिक* 117

10. *लेखा परीक्षित लेखा विवरण* 127

About the Institute

Institute of Physics, Bhubaneswar is an autonomous research institution within the Department of Atomic Energy (DAE), Government of India. The Institute was established in 1972 by the Government of Odisha and continues to receive financial assistance from DAE and Govt. of Odisha.

The Institute has a vibrant research programme in the fields of theoretical and experimental condensed matter physics, theoretical high energy physics and string theory, theoretical nuclear physics, ultra-relativistic heavy-ion collisions and cosmology, quantum information and experimental high energy nuclear physics. The accelerator facilities include a 3MV Pelletron accelerator and a low-energy implanter. These are being used for studies in low energy nuclear physics, ion beam interactions, surface modification and analysis, trace elemental analysis, materials characterization, and radiocarbon dating studies. One of the important areas in the Institute is in the field of Nanoscience and Nanotechnology in general and surface and interface studies in particular. The Institute has several advanced facilities for sample preparation and for the study of various physical and chemical properties of nanostructures and bulk condensed matter systems. The Institute is actively involved in the International Collaborations with CERN (Switzerland), BNL (USA), ANL (USA), GSI (Germany), and other laboratories abroad. The Institute is also participating in various research activities related to India-based Neutrino observatory.

The Institute offers Ph.D. programme to the scholars who successfully complete the one year pre-doctoral course at the Institute. The selection for the pre-doctoral programme is through the Joint Entrance Screening Test (JEST). Candidates qualifying the CSIR-UGC NET examination and those having high GATE scores are also eligible for an entry to the pre-doctoral program.

The Institute campus has housing facilities for the employees and hostels for the scholars and post-doctoral fellows. Compact efficiency apartments are available for post-doctoral fellows and visitors. Both indoor and outdoor games and sports facilities are also available in the campus. The Institute has a mini-gym in the New Hostel. The Institute also has a guest house, auditorium, and dispensary in the campus.

The Foundation Day of the Institute is celebrated on 4th of September every year.

शाषी परिषद

अध्यक्ष

प्रो. एस.के. जोशी

सीएसआईआर प्रतिष्ठित वैज्ञानिक
और
सम्माननित विक्रम साराभाई प्रोफेसर (जेएनसीएएसआर)

सदस्यगण

प्रो. वी. चंद्रशेखर
निदेशक,
राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान,
डा.घ.-भिमपुर-पदनपुर,
तह.-जटनी, खुरधा- 752 050.

प्रो. जे.के. भट्टाचारजी
निदेशक,
हरिश-चंद्र अनुसंधान संस्थान,
छटनाग रोड, झुंसी,
इलाहाबाद--211019.

डॉ. एस. एल. चापलत
निदेशक, (भौतिक विज्ञान समूह),
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र,
ट्रांबे, मुंबई--400 085.

श्रीमती निशा सिंह, *भा.प्र.से.*
संयुक्त सचिव,
परमाणु ऊर्जा विभाग (शाखा सचिवालय)
कमरा संख्या-145- ए-साउथ ब्लॉक,
केंद्रीय सचिवालय, नई दिल्ली-110011

श्री आर. ए. राजीव, भा.प्र.से. (01.10.2014 से)
संयुक्त सचिव (वित्त)
परमाणु ऊर्जा विभाग,
अणुशक्ति भवन, छ.शि.म. मार्ग,
मुंबई-400001

श्री एल. एन. गुप्ता, भाप्रसे,
प्रमुख सचिव , ओड़िशा सरकार,
रोजगार तथा तकनकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग,
भुवनेश्वर-751001.

प्रो. सरोज कुमार नायक
प्रमुख,
मौलिक विज्ञान विद्यापीठ,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
भुवनेश्वर--751013.

प्रो. सीमांचल पाणिग्राही,
भौतिक विज्ञान विभाग,
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
राउरकेला-769008, ओड़िशा

प्रो. सुधाकर पण्डा,
निदेशक,
भौतिकी संस्थान,
भुवनेश्वर--751005.

शासी परिषद के सचिव
प्रो. बी.आर. शेखर
रजिस्ट्रार, भौतिकी संस्थान,
भुवनेश्वर-751005

निदेशक की कलम से. . .

अभिनंदन

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर भारत की प्रमुख अनुसंधान संस्थानों में से एक है और यहाँ दोनों सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक भौतिक विज्ञान और वस्तु विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में आकर्षक अनुसंधान कार्यक्रम किये जाते हैं। यह वार्षिक प्रतिवेदन भौतिकी संस्थान में वर्ष 2015-16 के दौरान की गयी अनुसंधान तथा शैक्षणिक गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है ।

वर्ष 2015-16 के दौरान आईओपी की 40वीं शैक्षणिक गतिविधियों आयोजित की गयीं। इस स्मरणोत्सव और समारोह के एक अंग के रूप में एक वर्ष तक शैक्षणिक कार्यक्रम और वैज्ञानिकी घटनायें जैसे कि परिसंवाद.स्कूल्स, सम्मेलन, बैठक, कार्यशाला और विद्यालय के शिक्षकों के ज्ञानवर्धन से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गयी थीं। नियमित अंतराल में लोकप्रिय व्याख्यानों और प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्री स्तर के वैज्ञानिकों को आईओपी परिदर्शन के लिए और संकाय सदस्यों एवं शोधछात्रों से सहयोगात्मक कार्य करने के लिए आमंत्रित किया गया था। शैक्षणिक वर्ष 2015-16 के दौरान आईओपी के संकाय सदस्यों/वैज्ञानिकी सदस्यों ने उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों का निष्पादन किया है और अंतरराष्ट्रीय शिष्टजन द्वारा समीक्षा गी गयी पत्रिकाओं में 120 शोध निबंधों का प्रकाशन किया है। इसके अलावा, आईओपी के संकाय सदस्यों और शोधछात्रों ने कई शैक्षणिक पुरस्कारों से सम्मानित हुए हैं जैसे कि एचबीएनआई से प्रतिष्ठित संकाय सदस्य पुरस्कार, रामानुज फेलो, एचबीएनआई से सर्वोत्कृष्ट शोधग्रंथ पुरस्कार, और विभिन्न सम्मेलनों में बेस्ट पोस्टर पुरस्कार। उच्च ऊर्जा भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में मैक्स प्लॉक अंशीदार समूह आईओपी में स्थापना हुई है।

आईओपी में शैक्षणिक और वैज्ञानिकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए, संघनित पदार्थ भौतिकी, सांख्यिकीय भौतिकी, स्ट्रिंग सिद्धांत और प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी में काम कर रहे सात युवा एवं ऊर्जस्वी संकाय सदस्यों की नियुक्ति की गयी है। इसके अलावा दो अनुबद्ध संकाय सदस्यों ने संस्थान में शामिल हुए हैं। हमारा विश्वास है कि उनका अनुसंधान क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता आईओपी में चल रही अनुसंधान गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करने के साथ साथ मजबूत बनाएगा। इसके अलावा, प्रशासन, कंप्यूटिंग और पुस्तकालय से संबंधित कार्य को सरल और कारगर बनाने के लिए रजिस्ट्रार, एक सिस्टम्स मैनेजर और एक पुस्तकालयाध्यक्ष की नियुक्ति की गयी है। आईओपी बहुत प्रसन्न है कि उत्कल विश्वविद्यालय, नाइजर और आईआईटी, भुवनेश्वर के साथ साझेदारी में एक एकीकृत ऑनलाइन कैलेंडर पेज BASE (भुवनेश्वर एरिया साइंटिफिक इवेंटस) आरंभ किया है जो साझेदारी संस्थानों में भौतिक विज्ञान और वस्तु विज्ञान पर हो रही विभिन्न वैज्ञानिकी घटनाओं पर जोर ध्यान केंद्रित करता है बेहतर शैक्षणिक समन्वय और एकीकरण, दृश्यता और सूचना के प्रसार को बढ़ावा देना और संसाधन व्यक्तियों को एक मंच प्रदान करना इस कैलेंडर का मुख्य लक्ष्य है ।

आईओपी अपनी अनुसंधान गतिविधियों को गंभीरतापूर्वक बढ़ाना चाहता है जबकि आजकल दुनिया भर में एक उत्तेजक चरण के माध्यम से भौतिक विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में अनुसंधान बढ़ रहा है। भारत और विश्व भर में अग्रणी संस्थानों में से एक अग्रणी संस्थान बनने के लिए आईओपी के पास उत्कृष्ट सामर्थ्य है। किंतु सीमित संकाय सदस्यों की संख्या कई प्रमुख अग्रणी क्षेत्रों में एक निरोधक कारक बन रहा है । इसलिए,आईओपी विज्ञान के उभरते विभिन्न क्षेत्रों में अधिक संकाय सदस्यों को नियुक्ति देने के लिए उत्सुक है और *उत्कृष्टता का केंद्र* बनाने का प्रस्ताव है इससे अनुसंधान क्षेत्रों पर जोर ध्यान दिया जाएगा, यह आने वाले वर्षों में पनपने की उम्मीद है । इसके साथ साथ, पीएच.डी और पोस्ट डॉक्टरॉल फेलों की संख्या बढ़ाना भी आईओपी का लक्ष्य है ।

हम शीर्ष स्तर के अनुसंधान करने के लिए शैक्षणिक गतिविधियाँ बढाने और मजबूत करने और आईओपी की समग्र संरचना को बढाने एवं विकास करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

मैं बहुत आशा करता हूं कि आईओपी प्रायोगिक एवं मौलिक भौतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुसंधान प्रयास को जारी रखेगा और भारत और विश्व में एक एक अग्रणी संस्थान के रूप में उभरेगा।



(प्रो. सुधाकर पण्डा)

1

सुविधाएँ

1.1 प्रमुख प्रायोगिक सुविधाएँ 3

1.2 कंप्यूटर सुविधाएँ 13

1.3 पुस्तकालय 14

1.4 अडिटोरियम 14

1.1 प्रायोगिक सुविधायें

नई सुविधायें

Integrated low Energy ion patterning and UNV Growth System



हाल ही में, हमने नैनोस्केल कार्यों जैसे कि प्लाज्मोनिक्स, चुंबकीयता और प्रकाशिकी गुणधर्मो आदि को प्राप्त करने के लिए स्वत :-संगठित सोपानित अवस्तरो के निर्माण के लिए और स्वस्थाने अल्ट्राथीन फिल्में और स्वत :संगठित नैनोसंरचनाओं के लिए एक आण्विक बीम एपीटेक्सीय सिस्टम सहित एकीकृत निम्न ऊर्जा आयन सोपानीकरण यूनिट की अधिष्ठापना और कमीशन किया है। इस सुविधा में संरचनात्मक अभिलक्षण माडुल रहता है और स्वस्थाने व्यवस्थित मॉडुल जोडने का काम चल रहा है जो देश में एक अद्वितीय सिस्टम होगी।

इसीआर आयन स्रोते आधारित निम्न से मध्यम ऊर्जा आयन बीम सुविधा का विकास





Pantechnik-make ECR Ion Source placed on the 200 KV HV Deck

हमने 200 KV उच्च वोल्टता डेक पर इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद (इसीआर) आयन स्रात की अधिष्ठापना की है। इससे हम आयन रोपण, नैनोस्केल सोपानीकरण, आयन बीम उत्प्रेरित एपीटैक्सीयल क्रिस्टालाइजेशन, आयन बीम मिश्रण, आयन बीम रुपण, अंत :स्थापित नैनोसंरचना के संश्लेषण आदि के लिए सौ keV से कई MeV ऊर्जा तक बढ़ाने के लिए सक्षम होंगे। इस सुविधा से इनर्ट गैस आयनों (हिलियम के अलावा) को इस्तेमाल करने और मौजूदा पैलेट्रॉन त्वरक 1 MeV की से कम ऊर्जा इस्तेमाल के लिए अपनी असमर्थता अंतर को पूरा करने में मदद मिलेगी।

आयन बीम सुविधा

आयन बीम प्रयोगशाला

संस्थान की प्रमुख सुविधाओं में से आयन किरणपुंज प्रयोगशाल में अधिस्थापित एनईसी द्वारा निर्मित तीन एमवी वाले पैलेट्रॉन त्वरक एक महत्वपूर्ण सुविधा है, जिसका प्रयोग देश के सभी प्रांत के शोधकर्ताओं द्वारा होता है। यह त्वरक प्रोटॉन तथा अल्फा से लेकर भारी आयन तक के 1-15 MeV ऊर्जा आयन किरण पुंज प्रदान करता है। साधारणत: H, He, C, N, Si, Mn, Ag और Au आदि के किरणपुंज होते हैं। MeV ऊर्जा सकारात्मक आयन किरणपुंजों के लिए विविध आवेश अवस्थायें संभव है। सकारात्मक गैस उत्पादन करने हेतु आर्गन गैस को विपट्टक गैस के रूप में प्रयोग किया जाता है। दो एमवी से अधिक टर्मिनॉल विभव के भारी आयनों (कार्बन अथवा इससे अधिक) के लिए सर्वाधिक संभावित आवेश स्थिति 3+ है।



बीम कक्ष में छ: बीम लाइनें हैं रदरफोर्ड पश्चप्रकीर्णन (RBS) इलास्टिक रिकएल संसूचन विश्लेषण (ERDA) प्रोटन उत्प्रेरित एक्स-किरण उत्सर्जन (PIXE) , अल्ट्रा हाई वेक्युम (UHV) एवं आयन प्रणालीकरण के लिए -45 डिग्री बीम लाइन प्रयोग किया जाता है। एएमएस रेडियोकार्बन -15 डिग्री लाइन में किया जाता है। बहुगुणी संसूचक का प्रयोग करके नाभिकीय भौतिकी परीक्षण के लिए साधारण उद्देश्य से एक उपयुक्त प्रकीर्णन चेम्बर 0 डिग्री बीम लाइन में उपलब्ध है। इस बीम लाइन में वायुमण्डल का प्रोटॉन प्रेरित एक्स-किरण उत्सर्जन करने के लिए एक बीम पोर्ट उपलब्ध है। 15 डिग्री बीम लाइन के साथ

आईबीएल में अनेक प्रकार के परीक्षण होते हैं, उनमें से प्रमुख हैं आयन किरण पुंज में परिवर्तन करना और आयन किरण पुंज के विश्लेषण करना। जिनमें शामिल हैं-आयन रोपण, किरणन, प्रचालन, रदरफोर्ड पश्चप्रकीर्णन और कणिका उत्प्रेरित एक्स-रे उत्सर्जन । इस त्वरक का प्रयोग त्वरित्र द्रव्यमान स्पेक्ट्रमापी (एएमएस) द्वारा रेडियोकार्बन काल-निर्धारण किया जाता है। आईबीएल द्वारा प्रदर्त्शिए और सूक्ष्म प्रयोगात्मक सुविधा भारत में अद्वितीय है । पृष्ठीय विज्ञान में अनुसंधान के लिए आईबीएल में रखी गयी आवश्यक सुविधाओं में शामिल है : पृष्ठीय भौतिकी बीम लाइन पर रखा गया परा-उच्च निम्न ऊर्जा इलेक्ट्रॉन विवर्तन (एलईईडी) यूनिटों से सुसज्जित है।

आयन किरणपुंज विश्लेषण एंड स्टेशन

हाल ही में, हमने सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आयन बीम प्रयोगशाला में एक आयन बीम एंडस्टेशन स्थापित किया है । यह एंडस्टेशन देश में अद्वितीय है, यह आयन बीम



विश्लेषण तकनीकियों जैसे रदरफोर्ड पश्चप्रकीर्णन स्पैक्ट्रममिति (आरबीएस), आरबीएस- प्रत्यास्थ प्रतिक्षेप संसूचन विश्लेषण (इआरडीए) पर आधारित है और परीक्षण के लिए समर्पित है । जबकि आरबीएस का संबंध भारी तत्वों की गहराई की रूपरेखा बनाने से है। एकल क्रिस्टलों के विश्लेषण के लिए और क्रिस्टलीय गुणवत्ता आकार परत की मोटाई, विकृतियों की सीमा और परमाणु क्षेत्र के निर्धारण के लिए ऐपीटेक्सीय परतों का विश्लेषण करने में आरबीएस-प्रचालन सक्षम है। इसके अलावा, इसे प्रकाश तत्वों से निर्मित भारी वस्तुओं के एकल क्रिस्टलीय अवस्तर पर एकत्रित अनाकार पतली फिल्मों की मोटाई के सटीक निर्धारण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी ओर निम्न ऊर्जा इआरडीए एक साथ ही एवं अविनाशी तरीके से हाईड्रोजन और इसके आइसोटोपों के निरपेक्ष निर्धारण में मदद करता है। वस्तुओं के मौलिक विश्लेषण के लिए प्रोटॉन प्रेरित एक्स-रे उत्सर्जन (पीआईएक्सइ) जोड़कर इस उपकरण का उन्नयन किया जा सकता है। यह एंडस्टेशन लोड लॉक सिस्टम और एक आयताकार नमूने धारक से सुसज्जित है, जिसमें एक साथ दस से अधिक नमूनें रखे जा सकते हैं। इन परीक्षणों को उजागर करने के लिए वायु व्यवधान की समाप्ति आवश्यक है। नमूनाओं को एक्सवाईजेड मोटरों की सहायता से आयन बीम के सामने सही ढंग से रखा जा सकता है और सीसीडी कैमरा द्वारा मॉनीटरन किया जा सकता है और वेक्यूम संबंधित दुघटनाओं से बचने के लिए सभी गेटवाल्वों और वेक्यूम पम्पों को बंद कर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, कक्ष में दो सतह वाहक संसूचक रखे गये हैं- एक है आरबीएस परिमापन के लिए और दूसरा इआरडीए मापन के लिए है। उनको अपने अपने इलेक्ट्रोनिक माड्यूल के साथ जोड़ा गया हैं और आंकड़ा अर्जन प्रणाली को एक कंप्यूटर से जोड़ा गया है।

Iआयन बीम उत्कीर्णन द्वारा सतह पर नैनोसंरचना करना

पृष्ठीय नैनोसंरचना और वृद्धि प्रयोगशाला (एसयूएनएजी) में कम ऊर्जा वाली (50 eV – 2 keV) ब्रॉड बीम (I डायमीटर) है जो इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद (ईसीआर) स्रोत पर आधारित, आयन बीम उत्कीर्णन सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। जिससे स्वत: संगठित सतह पर नैनोसंरचना की जा सकती है । यह स्रोत विभिन्न पम्पिंग यूनिटों से जुड़ा हुआ है, जो आयन उत्कीर्णन प्रक्रिया के दौरान अच्छी तरह से निर्वात् कक्ष में परीक्षण करने के लिए उपयोगी है। आयन स्रोत में एक यूवीएच संगत नमूने प्रक्रियाकरण कक्ष है, जिसके साथ एक लोड़ लॉक कक्ष और एक पाँच अक्षों वाल नमूना परिचालक लगा हुआ है। विभिन्न तापमात्राओं में नमूना पर नैनोसंरचना के लिए नमूनों का कम तापमात्रा (LN2) और उच्च तापमात्रा (1000 डिग्री सेलसियस) में रखा जाता है । किसी भी नमूने की स्थिति से अपना आवश्यक तापमात्रा को मापा जा सकता

है। जबकि आयन धारा को बीम पथ के सामने शटर रखकर मापा जाता है।

सूक्ष्मदर्शी सुविधायें

उच्च विभेदन संचरण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी प्रयोगशाला

एचआरटीईएम साधन दो अवयवों से बना है : एक है जेओएल l 2010 (UHR) TEM और दूसरा सहचारी नमूना विरचन प्रणाली। उच्च विभेदन संचरण इलेक्ट्रॉन माईक्रोस्कोपी (HRTEM) 200 keV पर एक परा-उच्च विभेदन ध्रुव खंड (URP22) के साथ काम कर रहा है, LaB_6 तंतु के इलेक्ट्रॉन से 0.19 nm विभेदन के प्रत्येक स्थान को उच्च गुणों के जालक से प्रतिबिंबित करने का आश्वासन



मिलता है । संस्थान में तात्विक लक्षणन और संयोजन विश्लेषण के लिए Si(Li) संसूचक (INCA अक्सफोर्ड , यूके से) के साथ ऊर्जा परिक्षेपी प्रणाली का प्रयोग नियमित रूप से किया जाता है। यह साधन दोनों तलीय तथा प्रणालियों के वर्गगत TEM विश्लेषण करता है। नमूने बनाने के लिए, ग्राइंडर-सह-पॉलिशर, अल्ट्रा-सोनिक डिस कटर, डिम्पल ग्राइंडर, कम गति डायमंड व्हील वायर सॉ, ट्राइपड पॉलिशर, परिशुद्ध आयन प्रमार्जक प्रणाली (PIPS) और मिलिपोर जल विशोधक आदि के प्रयोग किये गये हैं । हाल ही में, एक कम तामम्मात्रा शीतलक नमूना

चरण निगृहिक (LN_2 के साथ शीतल करना, कक्ष तापमात्रा 110 K मेसर्स गतन इंक.) में पाने योग्य न्यूनतम तापमात्रा के मॉडल और एक ड्राइ पम्प प्रणाली की अधिस्थापना हुई है । जिसके कम तथा उच्च तापमात्रा चरण हैं और द्रुत सीसीडी कैमरा से अपने स्थान पर रिएल टाइम अध्ययन के लिए यह सुविधायोग्य है ।

क्षेत्र उत्सर्जन गन आधारित क्रमवीक्षण इलैक्ट्रॉन बीम सूक्ष्मदर्शी - फोकसित आयन बीम प्रणाली सुविधा

क्रॉस बीम उपकरण में एक क्षेत्र उत्सर्जन गन आधारित क्रमवीक्षण इलैक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी (एफईजीएसईएम) और एक फोकसित आयन बीम प्रणाली (एफआईबी) समाहित है । यह सुविधा लिफ्ट-आउट पद्धति का उपयोग करके एक्स-रे प्रतिदीप्त सहित मोलिक मानचित्रण (ऊर्जा फैलानेवाला स्पेक्ट्रोमेट्री (ईडीएस), स्केनिंग ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माईक्रोस्कोपी (एसटीईएम), ई-बीम लिथोग्राफी (मेसर्स रथ GmbH) और संचरण इलेक्ट्रॉन माईक्रोस्कोपी नमूने तैयार करने के लिए एक सहायक अन्य उपयोगी उपकरण है। इसका उद्देश्य स्वत: एकत्रित नैनोसंरचना में नीचे और ऊपर-नीचे की प्रक्रिया के संयोजन को समझना है। इस नयी पद्धति में परमाणु स्केल उपकरणों को विकसित



करने में मदद मिलेगी, नैनो से सूक्ष्म स्केल संरचनाओं की संरचनात्मक पहलुओं को समझने के लिए और एसईएम और एफआईबी उपकरणों को बनाने के लिए । यह इलेक्ट्रॉन बीम ऊर्जा 100 eV से 20 keV के बीच अलग हो सकता है और जी आयन बीम ऊर्जा 2 – 30 keV की रेंज में अलग किया जा सकता है। इनकी छवियाँ उप-एनएम संकल्प से बनायी जा सकती है जब इन सुविधाओं का आयाम ~20 nm होता है।

बहुविधि स्कैनिंग प्रोब माईक्रोस्कोप सुविधा

भौतिकी संस्थान में एक बहुविधि एसपीएम (स्कैनिंग प्रोव माईक्रोस्कोप) उपकरण मौजूद है, जिसे वीको से मंगाया गया था, इसका नयंत्रण क्वोड्रेक्स के साथ नैनोस्कोपेला नियंत्रक के जरिए होता है । एसपीएम का व्यवहार व्यवहार मुख्यत: सतह आकार विज्ञान की जांच करने के लिए सतह विज्ञान और नैनोविज्ञान, नैनोसंरचना, चुंबकीय संरचना, प्रावस्था का प्रतिरूप बनाना, विद्युत बल का प्रतिरूप बनाना, एसटीएम, एसटीएस और विद्युतरासायनिक एसटीएम के क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए होता है । यह एसपीएम मुख्यत: दो तकनीकों से चलती हैं : एक है स्कैनिंग टनेलिंग माईक्रोस्कोप (एसपीएम) , जिसमें प्रोब तथा नमूनों की सतह के बीच की विद्युत धारा का प्रतिबिंब बनाया जाता है, और दूसरा है आण्विक बल सूक्ष्मदर्शी (एएफएम), जिसमें तात्विक बल का प्रतिबिंब बनाया जाता है । एएफएम को दो विधियों से चलाया जा सकता है अर्थात् कंटाक्ट विधि और टेपिंग विधि । इसके अतिरिक्त एएफएम का व्यवहार पार्श्विक बल माईक्रोस्कोपी (एलएफएम), बल माडुलन माईक्रोस्कोपी (एफएमएम), चुंबकीय बल सूक्ष्मदर्शी (एमएफएम), चुंबकीय बल माईक्रोस्कोपी , वैद्युतिक बल सूक्ष्मदर्शी (ईएफएम) और प्रावस्था प्रतिबिंब के लिए होता है । इससे द्रवीय पर्यावरण के अध्ययन भी संभव है ।

इसके अलावा , हमारे पास व्यापक क्षेत्र पड़ा है,अधिक परिशुद्ध एएफएम सेटअप है जिसके साथ निम्न Z- अक्ष वाली रव सुविधा भी है) । यह एएफएम सुविधा अवस्तरों और पतली झिल्लियों पर स्वत:संगठित सोपान के सूक्ष्ममापन के अध्ययन के लिए है । चालकीय एएफएम विधि से भौतिक गुणों के स्वर परिसर का अध्ययन किया जान है । इसके अलावा, स्वनिर्मित नैनो-दंतुरता और नैनो लिथोग्राफी सुविधायें भी हैं ।



A combination of Field Emission Gun based Scanning Electron Microscope and Focused Ion Beam imaging (FEGSE-FIB) is used to image nanoscale features and modify these structures while observing the structural evaluation with SEM. The above facility is model Neon 40 Cross Beam, from Ziess GmbH, Germany.

इलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी सुविधायें

एक्स-रे फोटोइलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी सेट-अप

वर्तमान की प्रणाली में द्वि एक्स-रे एनोड होता है (Mg/Al)। नमूनों को एक परिचालक द्वारा संरेखण किया जाता है । फोटोइलेक्ट्रॉन ऊर्जा का विश्लेषण एक अर्धगोलीय दर्पण विश्लेषक द्वारा किया जाता है । इस प्रणाली में नमूना संरेखण और Ar आयन कणक्षेपण करने की सुविधा है । कणक्षेपण तकनीकी द्वारा प्रोफाइलिंग अध्ययन गहराई से किया जाता है, ये सारे परीक्षण 1x10-^{10} टर्र निर्वात में अल्ट्रा उच्च निर्वात (UHV) स्थिति के तहत किये जाते हैं।

नमूना सतह पर एक्स-रे फोटोन प्रघात करके उत्पादित फोटोइलेक्ट्रॉनों को तात्विक पहचान के लिए प्रयुक्त किया जाता है । किसी नमूना में इलेक्ट्रॉन में एक्स-रे द्वारा फोटो-निष्कासन करने से, इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा वितरण से विविक्त परमाणु स्तर का एक मानचित्र बनाता है । विशेष करके वस्तु के परमाणु के मुख्य स्तरों के बारे में है । एक्सपीएस का एक बहुत महत्वपूर्ण पहलू यह है कि वह परमाणु के विभिन्न रसायनिक पर्यावरणों के बीच अंतर दिखाने में समर्थ है । ये मुख्य स्तर के बंधन ऊर्जा विस्थापन के रूप में स्पेक्ट्रा में प्रतीत होते हैं । इस रासायनिक विस्थापन की उत्पत्ति इलेक्ट्रॉन के वर्द्धित अथवा उपाचित इलेक्ट्रोनिक स्किनिंग से आवेश समानांतरण के कारण होती है । फोटो निक्षेपित इलेक्ट्रॉन के छोटे छोटे माध्य मुक्त पथों से निर्मित XPS के अधिक पृष्ठीय सुग्राही (~1 nm) है यह तकनीकी पतली झिल्लियों की संरचना, विषमसंरचना, प्रतिदर्श गुच्छ और जैविक प्रतिदर्शों के अध्ययन के लिए उपयोगी है ।

कोण वियोजित पराबैंगनी फोटो इलैक्ट्रॉन स्पैक्ट्रमिकी प्रयोगशाला (ARUPS)

कोण वियोजित पराबैगनी फोटो इलैक्टॉन स्पेक्ट्रोमिकी (एआरयूपीएस) दोनों कोण समाकलित संयोजकता बैंड परिमापन और कोण वियोजित संयोजक बैंड परिमापन के लिए विभिन्न साधनों से सुसज्जित हैं । यह संयोजक बैंड परिमापन के लिए विभिन्न साधनों से सुसज्जित हैं । यह mu धातु से निर्मित यूएचवी प्रणाली मेसर्स ओमिक्रॉन नैनो टेक्नोलॉजी, यूके से खरीदी गयी है । कोण समाकलित यूपीएस द्वारा हम पॉलिक्रिस्टालीन एवं पतली फिल्म नमूनों पर संयोजक बैंड़ इलेक्ट्रोनिक संरचना को प्रमाणित करते हैं । इस एकल क्रिस्टल पर कोण वियोजित अध्ययन संभव है । यह यूपीएस प्रणाली मुख्यत: एक विश्लेषण चेम्बर और एक नमूना प्रस्तुतिकरण चेम्बर से बना हुआ है । यह दोनों



चेम्बर 10^{-11} मिलिवार वेक्यूम अवस्था में रहते हैं । इसका मुख्य चेम्बर कोण समाकलित अध्ययन के लिए एक 125 एमएम अर्धगोलीय विश्लेषक से सुसज्जित है । इस चेम्बर में एक 2- अक्षों वाले मोनिओमीटर पर एक गतिशील एमए अर्धगोलीय विश्लेषक रखा गया है । इन ऊर्जा विश्लेषकों का वियोजन लगभग 15 meV है। एक परा-बैंगन विसर्जन लैम्प की He I (21.2 eV) और He II एवं बैंगन विसर्जन लैम्प की He I (21.2 eV) और He II (40.8 eV) रेखाओं को प्रकाश उत्तेजन के लिए प्रयुक्त किया जाता है । विश्लेषण चेम्बर भी 4- अक्षों वाली नमूने मैनिपुलेटर सह-क्राइयोस्टेट से सुसज्जित है, जो 20K तक नीचा किया जा सकता है । निम्न ऊर्जा इलैक्ट्रॉन विवर्तन (एलईईडी) को संचालन कराने की सुविधा भी विश्लेषण चेम्बर में उपलब्ध है । स्क्राप की सफाई और धातव झिल्लियों के वाष्पीकरण में नमूने प्रस्तुतिकरण चेम्बर सहायक होता है ।

पतली फिल्म वृद्धि सुविधायें

स्पंदित लेसर निक्षेपण (पीएलडी) तंत्र

यह एक नयी सुविधा है, विभिन्न द्रव्यों के ऐपीटेक्सीय वृद्धि के लिए पीएलडी तंत्र मदद करती है, यद्यपि सबसे अधिक पसंदीदा सामग्री है ऑक्साइड। विभिन्न स्रोतों से अनेक मॉड्यूलों की प्राप्ति करके हाल ही में अधिष्ठापित तंत्र का विकास एक भाग-वार-तरीके से किया गया । हम उपयुक्त अवस्तरों पर अतिचालक (यथा YBCO) और कोलोसॉल चुंबकीय प्रतिरोध (यथा LSMO) के ऐपीटेक्सी द्वि- एवं बहु-स्तरीय पतली फिल्मों का निक्षेपण कर रहे हैं ।



DC/RF मैग्नेट्रॉन कणक्षेपण तंत्र

हमने एक स्पंदित DC/RF मैग्नेट्रॉन पर आधारित कण रंजन युनिट स्थापित किया है। इस युनिट में चार कणक्षेपण गन हैं जिनमें से दो स्पंदित डी सी आपूर्ति द्वारा संचालित होने के लिए और अन्य दो आर एफ बिजली आपूर्ति से जुड़े हुए हैं। एक क्रियाधार उच्च गुणवत्ता के समरुप फिल्मों के बारी बारी से जमा होने के लिए बनाया गया है। कोई भी वर्द्धित तापमात्रा पर फिल्म विकसित करने के लिए उच्च तापमात्रा (600 डिग्री सेंटीग्रेड तक) में सबस्ट्रेट होल्डर

को रखा जा सकता है। हमारे पास और एक समर्पित गन है जिससे पृष्ठसर्पी कोण पर निक्षेपण करके तीन विमीय वाले नमूनों पर नैनोसंरचना की जाती है। इसके अलावा निर्वात् कक्ष में नाइट्राईट एवं/अथवा ऑक्सॉइड परत बनाने के लिए एक लोड़ ब्लॉक और एक प्लाज्मा कक्ष होता है। हम इस उपकरण के जरिये अर्धचालकों /वस्तुओं पर आकृति एवं आकार के यौगिक पतली फिल्मों को विकसित कर सकते हैं। इसके अलावा उनके भौतिक गुणधर्मों को भी देखा जा सकता हैं। नयी संरचनाओं और समान गुणों की प्रगत वस्तुओं को विकसित कर सकते हैं। टेम्पलित अवस्तरों पर वस्तुओं को विकसित करना और अवस्तर आकृति में विषमदैशिकता द्वारा संचालित भौतिक गुणधर्मों में परिवर्तन की तुलना करना इस उपकरण का मुख्य लक्ष्य है। पतली फिल्मों और सौरकक्ष, स्पिन्ट्रोनिक्स और नैनोफोटोनिक्स में प्रयोग के लिए समर्थ पतली फिल्मों और नैनोसंरचना को विकसित करने के लिए यह कार्यक्रम अपनाया गया है।

आण्विक बीम एपिटेक्सीयल – VTSTM

$1x10^{-10}$ mbar दबावों (अति उच्च निर्वात् स्थितियों) और अच्छी तरह से सतहों की सफाई करने से अल्ट्रा सपेक्द सतह मिलते हैं । मोलक्युलार बीम ऐपीटेक्सी (एमबीई) परवर्त्ती तापमात्रा क्रमवीक्षण सुरंगन माईक्रोस्कोपी प्रणाली (वीटीएसटीएम) एक पुरानी अभिकल्पित युनिट है जिसे मेसर्स ओमिकार्न GmBH, जर्मनी से खरीदा गया था । यह उपकरण तीन कुंडसेन कोशिकायें, एक-इ-बीम वाष्पीकरण स्रोत, नमूनों और प्रतिरोधी तापन संलग्नकों को सीधे बदलाने, कंप्यूटर नियंत्रित प्रतिफलन उच्च ऊर्जा इलेक्ट्रॉन विवर्तन (आरएचईईडी) के विश्लेषण के लिए ऑन-लाईन उपकरणों, स्फटिक क्रिस्टल की मोटी मॉनीटर, अपशिष्ट गैस-विश्लेषक (आरजीए) अंतरण छड़ों के जरिए अपने प्रयोगशाला स्थित वीएसटीएम से बनाया हुआ है। इस उपकरण का उपयोग सिलिकॉन(100), सिलिकॉन(110), सिलिकॉन (553) और सिलिकॉन (557) प्रणालियों पर अल्ट्रा सफेद सतहों की पुर्नसंरचनाओं , सफेद सिलिकॉन सतहों पर दीर्घवृत्त से संगृहित Ge, Au और Ag क्वांटम बिंदुओं और दीर्घवृत्त से वर्द्धित पतली झिल्लियों के अध्ययन के लिए किया जा रहा है । संस्थान स्थित एसटीएम का उपयोग नैनोसंरचनाओं पर सतह पुन:संरचनाओं के परमाणु तथा इलेक्ट्रॉनिक संरचना के अध्ययन के लिए किया जाता है। ऑन-लाईन आरएचईईडी का उपयोग दीर्घवृतीय झिल्लियों के विकास के लिए वास्तविक समय के अध्ययन के लिए किया जाता है।



संरचनात्मक गुणों की मापन सुविधायें

उच्च विभेदन एक्स-रे डिफ्राक्टोमीटर (HRXRD)

उच्च विभेदन एक्स-किरण डिफ्राक्टोमीटर (डी 8 डिस्कवर) उपकरण का संचालन ग्राजिंग के साथ साथ पाउडर एक्सआरडी अवस्था में किया जा सकता है। एचआरएक्सआरडी प्रणाली द्वारा एक्स-किरण सूत्रों के संभाव्य संयोजन, प्रकाशिकी, नमूनों की अवस्थायें और संसूचकों के साथ सहजतापूर्वक कार्य किया जा सकता है। यह प्रणाली एक गेनिओमीटर, शार्ट ट्रैक, वर्टीकल 150 एमए तीन किलोवाट एक्सरे जेनेरेटर, बेहत्तर गुणवत्ता आंकड़े के लिए समानांतर बीम दर्पण के साथ पतली फिल्म विश्लेषण के लिए ग्राजिंग भार वस्तु, लंबाई की एक पुश प्लाग ग्लोबाल दर्पण , विकिरण स्त्रोत के साथ दर्पण चीर का एक सेट, एक फ्लैट मोनोक्रोमीटर, समानांतर बीम अनुलग्नक, (0.23°) स्थिर अपसरण चीर संगठकों जिसमें शामिल हैं 2.5° सोलेर, पुश प्लॉग आप्टिक्स के शार्ट स्पेसर, रेखाछिद्र प्लॉग का एक सेट, Cu विकिरण के लिए एक Ni K_β बीटा फिल्टर, 2.5° सोलर के साथ मानक नमूना के चरण उत्सर्जित स्टिल संगठन, गतिशील शोभा संसूचक, प्रावस्था पहचान के लिए NaI और ICDD डाटा बेस से बना हुआ है । यह डिफ्राक्टोमीटर अनुकूल तथा प्रतिकूल परिवेश में गुणात्मक और मात्रात्मक प्रावस्था पहचान के लिए पूरी तरह से अनुप्रयोग, विभिन्न नमूनों के क्रिस्टाल संरचना की पहचान, क्रिस्टाल आकार निर्धारण, स्ट्रेन विश्लेषण, अवशिष्ट तनाव विश्लेषण और स्थापित संरचनाओं के प्रति अभिमुखता की क्षमता रखती है । इसके अलावा, संस्थान में दूसरा एक्सआरडी सेटअप (डी-8 प्रगत) भी है जो काम कर रहा है ।

एक्सआरआर और एक्सएसडब्ल्यू

एक्स-किरण परावर्तता और एक्स-रे अप्रभावी तरंग का परिमापन स्वतंत्र रूप से निर्मित साधन से किया जा रहा है, जिसमें मेसर्स राइकोगुआ (जापान) से खरीदा गया घूर्णन एनोड़ एक्स-रे स्रोत, एक सिलिकॉन एकल क्रिस्टल आधारित मोनोक्रोमाटर, नूना आरोहण तथा फेर-बदल केलिए एक- वक्रीय गोनिओमीटर, दो प्रकार के संसूचक (एनएएल और सिलिकॉन (एलआई) और , केवल एमसीए का एक स्टैंड, परिकलन तथा मोटर नियंत्रण के लिए सहयोजित नाभिकीय इलेक्ट्रोनिक उपकरण है । आंकड़े अर्जन तथा परीक्षण के लिए एक कंप्यूटर प्रयुक्त किया जाता है, जिसमें कार्ड जोड़े जाते हैं । यह कंप्यूटर लिनॉक्स ऑपरेटिंग पद्धति से चलती है।

एक्स-किरण परावर्तक्तता परिमापन का व्यवहार पृष्ठीय तथा अंतरापृष्ठीय की मसृणता और बहुस्तरों, एलबी फिल्मों, पॉलिमर जैसे अनेक पद्धतियों के गंभीर प्रोफाइल करने और इ-बीम वाष्पीकरण एमबीई संग्रहण एवं स्पिन कोटिंग पद्धतियों जैसी स्थितियों के संग्रहीत

पतली झिल्लियों के अध्ययन के लिए किया जाता है । एक्स-रे स्थिर तरंग पद्धति में, स्थिर तरंगों का उत्पादन बहुस्तरों में होता है (स्वत:संगठित एकल परत और बहुपरत प्रणालियों की लंबी अवधि के कारण) और इसका व्यवहार पृष्ठीय तथं अंतरापृष्ठीय को पार करके परमाणु स्थिति निर्धारण के लिए किया जाता है उदाहरणस्वरुप Pt/C बहुस्तरों में Pt का वितरण ।

इस सुविधा का उपयोग पतली फिल्मों की संरचना और दीर्घवृत्तीय विकसित फिल्मों की अंतरापृष्ठों पर स्ट्रेन प्रोफाइल के अध्ययन के लिए उच्च संकल्प एक्सआरडीके रुप में किया जाता है ।

चुंबकीय गुण मापन की सुविधायें

अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण और कम्पनशील प्रतिदर्श चुंबकत्वमापी

अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण - कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी प्रयोगशाला क्वांटम डिजाइन एमपीएमएस-एसक्यूयूआईडी-वीएसएम इवरकूल पद्धति से बना है । । चुंबकीय गुण परिमापन पद्धति (एमपीएमएस) विश्लेषणात्मक उपकरणों में से एक है जिसका उपयोग नमूने के तापमात्रा और चुंबकीय क्षेत्र जैसे व्यापक क्षेत्र के चुंबकीय गुणों का अध्ययन के लिए किया जाता है। अत्यधिक रुप से, अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण (एसक्यूयूआईडी) से अतिचालक छोटी छोटी कुंण्डलियों के संवेदी चुंबकीय परिमापन किया जाता है। गति तथा संवेदनशीलता को अनुकूल बनाने के लिए, कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी (VSMs) की विश्लेषणात्मक तकनीकियों को चुंबकीय गुण परिमापन पद्धति, अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण और कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी उपयोग करते हैं। विशेष रुप से, नमूने ए१ पर कंपते हैं। उनकी तीव्रता मालूम पड़ती है और अवस्था की सुग्राही का संसूचन द्रुत आंकड़ा संग्रहण और गलत संकेत अस्वीकरण के लिए व्यवहार किया जाता है। नमूने द्वारा उत्पादित संकेत का आकार कंपन की तीव्रता पर निर्भर नहीं करता है, किंतु, नमूने के चुंबकीय क्षण, कंपन आयाम और एसक्यूयूआईडी संसूचन सर्किट की डिजाइन पर निर्भर करता है । अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण - कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी 7Tesla(70 KOe) तक चुंबकीय क्षेत्र की अतिचालक चुंबक (अतिचालक वायर का परिनालिका) नमूने का उपयोग करता है । हिलियम द्रव की सहायता से स्किवड और चुंबक को शीतल किया जाता है।हिलियम से नमूना चेम्बर को भी शीतल किया जाता है, किंतु नमूनों की तापमात्रा 400K से 1.8K तक कम कर दिया जाता है। मूलत: चुंबकीय क्षेत्र की सीमा 7टी तक और 4के से 4००के तक तापमात्रा की सीमा पर M-T,M-H और एसी सुग्राहित का परिमापन के लिए अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण-कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी का उपयोग किया जा सकता है।

प्रकाशिक गुणधर्म परिमापन सुविधा

प्रकाश संदीप्ति और रमण स्पेक्ट्रोस्कोपी गुणधर्मो की जांच के लिए यंत्र

सीएमपीएफ यंत्र की अधिष्ठापना मई 2014में हुई थी और यह यंत्र साथ जल शितलक आर्गन लेजर से सुसज्जित है । माइक्रो रमण यंत्र पश्चउत्सर्जन ज्यामितीय में परिचालित है। संनाभि मानचित्रण क्षमताओं के साथ सब-माइक्रॉन स्थानिक वियोजन संभव है। लेजर उपयोग करके व्यापक रूप से उत्तेजन संभव है और वस्तु में गहराई से निक्षेपण नियंत्रित संभव है और इस प्रकार, नमूनें की मात्रा नियंत्रण संभव है। इन तकनीतियों को मिलाकर, वस्तुओं की कंपनीय और इलेक्ट्रोनिक गुणधर्मो का चरित्र चित्रण संभव है। यह सिस्टम अक्साइड

अर्धचालक सहित अनेक अर्धचालक सिस्टमों की विशेषताओं को समझने के लिए उपयोग किया जाएगा । हमारे समूह में साधारणत : आयन कणक्षेपण, तापीय निक्षेपण, वाष्प निक्षेपण के अंतर्गत अलग अलग प्रकार की तकनीकी से विकसित सतह, पतली फिल्मों और नैनोसरंचना की इलेक्ट्रोनिक संरचना के साथ साथ भौतिक, प्रकाशिक, चुंबकीय और रासायनिक गुणधर्मो की जांच कर रहे हैं। डीएनए की अंतक्रिया और सतह एवं नानोसंरचना की पॉलिमरों का अध्ययन भी हमारा समूह कर रहा है। अक्साइड अर्धचालकों में ऊर्जा भंडार वस्तुएँ उत्कृष्ट यूवी और दृश्यमान प्रकाश अवशोषण गुणधर्म दिखाई देते हैं जब उचित रूप से नानोसंरचनायें सोपानित होती हैं। डीएनए सहित अक्साइड सतह की अंतक्रिया अनेक उत्तेजन गुणधर्मों को प्रदर्शित करता है जिसके संवेदी और जैव-रोपण के तकनीकी महत्व होते हैं। हमारा समूह ने दिखाया है कि डीएनए भी मर्कूरी की एक छोटी से संवेदी के रूप में काम करता है। ये पद्धतियाँ उनकी कंपनीय गुणधर्मो की जांच करेंगी।

1.2. कंप्यूटर सुविधा

भौतिकी संस्थान में उपलब्ध कंप्यूटर सुविधा को मुख्यत: वैज्ञानिकी अभिकलन, लोकल एरिया नेटवर्क (LAN), इंटरनेट उपलब्धता और पुस्तकालय और प्रशासन के स्वचालन के रुप में वर्गीकृत किया जा सकता है । संस्थान के कंप्यूटर केंद्र, विभिन्न प्रयोगशालाओं और संकाय सदस्यों और छात्रों के कक्षों, और प्रशासनिक कार्यो के लिए लगभग दो सौ कंप्यूटरों की स्थापना हुई है। कंप्यूटर केंद्र में सर्वर, केंद्रीय नेटवर्क हब, फायरवल के लिए लगभग बीस कंप्यूटरों और नेटवर्क प्रिंटर की अधिष्ठापना कंप्यूटर केंद्र में ही हुई है। प्रयोगकर्ताओं की सभी डाटा और साधारण उपयोगिताओं को एकत्र करके फाइल सर्वर में स्टोर किया गया है और एनएफएस पर एलएएन द्वारा प्रयोगकर्ता के डेस्कटॉप पर उपलब्ध होते हैं। को समांतर कार्य निष्पादन करने के लिए एक समष्टि में कंप्यूटरों संस्थंपित किया गया है। गाणितिक संगणन प्रोग्राम सीपीयू पीसी समूह में चलता है ।

गाणितिक अभिकलन, सिम्बोलिक आकलन, ग्रेफिकॉल विश्लेषण, मॉडलिंग और समीकरण के लिए अनेक सॉफ्टवेअर

पैकेज जैसे कि न्यूमेरिकॉल रेसीपेस, मेथेमेटिका, मापेल ऑरिजिन, आईडीएल, गाणितिक रेसिपों आदि गाणितिक रेसिपों आदि गाणितिक अभिकलन, सिम्बोलिक परिकलन, ग्राफिकल विश्लेषण, मॉडलिंग, और समीकरण के लिए उपलब्ध है। आयन किरणपुंज विश्लेषण के लिए GUPIX और SIMNRA सफ्टवेयार उपलब्ध है । वैज्ञानिकी दस्तावेजीकरण के लिए लिनॉक्स में चल रही कंप्यूटरों में लाटेक्स साफ्टवेयार उपलब्ध है । LAN से प्रिटिंग लेने के लिए विभिन्न स्थानों पर कई नेटवर्क से जुड़े प्रिटरों की अधिष्ठापना हुई है।

संस्थान में गीगाबीट क्षमता के लोकॉल एरिया नेटवर्क LAN त्रि-स्तरीय CISCO स्विचों से काम करता है। नेटवर्क ट्राफिक भार को नियंत्रण करने के लिए दो मुख्य स्वीचों को रिडेडेंट मोड़ में रखा गया है। वायरलेस सुविधा पुस्तकालय, कंप्यूटर केंद्र, मुख्य भवन, ओडिटोरिएम, व्याख्यान भवन, छात्रावास औरअतिथि भवन में लगायी गयी है । वायरलेस के जरिए LAN पाने की सुविधा संस्थान के अन्य स्थानों में भी दी जा रही है । टेलीफोन लाइन पर एडीएसएल प्रक्रिया के जरिए परिसर में रह रहे संकाय सदस्यों के आवासों को भी कंप्यूटर नेटवर्क सुविधा दे दी गयी है। LAN की सुरक्षा फायरवाल के माध्यम से दी जा रही है। अनचाह ई-मेलों को दूर करने के लिए एंटीस्पाम सॉफ्टवेयार का इस्तेमाल होता है । कार्यालय तथा प्रयोगशाल में लगी प्रत्येक कंप्यूटर में वायरस विरोधी सफ्टवेयार लोड कर दिया गया है । वह सॉफ्टवेयार एमएम विस्टा ऑपरेटिंग सिस्टम से चलती है ।

संस्थान को इंटरनेट सेवा दो बैंडविड्थ के जरिए मिलती है एक है 128 mbps चौड़ाई की बैंड जो वाणिज्यिक इंटरनेट सर्विस दाता का है और दूसरा बैंडविड्थ है 100mbps जो नेशनल नॉलेज नेटवर्क का है । भौतिकी संस्थान अणुनेट में एक नोड़ रखा है जिससे आवाज तथा आंकड़े संचार के लिए लिंक के माध्यम से परमाणु ऊर्जा विभाग के सभी संगठनों से सीधे संपर्क किया जा सकता है । संस्थान में भूंकपी मॉनिटरन उपकरण की स्थापना हुई है विश्लेषण के लिए भूकंपी डाटा अणुनेट के जरिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र को नियमित रूप से भेजा जाता है।

विभिन्न कार्य जैसे कि लेखा कार्य, कार्मिक प्रबंधन, भंडार प्रबंधन के लिए कंप्यूटर के माध्यम से हो रहे हैं । इन कार्यों के लिए विभिन्न सॉफ्टवेयार पैकेज जैसे कि एमएस ऑफिस् विंग्स-200 नेट तथा टॅली की सहायता ली जाती है ।

भौतिकी संस्थान सदस्यों के अलावा, संस्थान की कंप्यूटर सुविधा का शैक्षणिक कार्य के लिए ओड़िशा के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के अनुसंधानकर्त्ता प्रयोग करते हैं ।

1.3 पुस्तकालय

संस्थान का पुस्तकालय, भौतिकी संस्थान के साथ साथ अन्य शैक्षणिक संस्थानों के सदस्यों के लिए भी उपलब्ध है । इस पुस्तकालय में 15,661 पुस्तकें, पत्रिकाओं के सजिल्द 23,643 खण्ड आदि मिलाकर कुल 39,304 पुस्तकें हैं । इस साल पुस्तकालय के लिए 377 पुस्तकें और 135 पत्रिकायें खरीदी गयी है। पुस्तकालय आईओपी (यूके), जॉन विले, स्प्रींगर फिजिक्स एंड एस्ट्रोनोमी, साइंटिफिक अमेरिकॉन, वर्ल्ड साइंटिफिक, एनुएल रिव्यू आर्काइवस (OJA) के इस चिरस्थायी अधिकार क्षमता के आधार पर कोई भी के खण्ड-1 से अब तक प्रकाशित सभी आलेखों की पत्रिका मंगाई गयी है । इस साल भी पुस्तकालय के लिए खण्ड-1 से पिछले आलेखों और 2011 से प्रकाशित सभी आलेखों के पूरे आर्किव सहित गणित विज्ञान की व्याख्यान माला और भौतिक विज्ञान की व्याख्यान माला पर ई-बुक मंगाई गयी है।

LIBRARY BUILDING

इसके अलावा, वर्ष 1995 से यह पुस्तकालय 2014-2016 से परमाणु ऊर्जा विभाग कसॉर्टियम सहित एलसेवियर साइंस का अंश बना है, जिसके कारण इलेक्ट्रोनिक माध्यम से लगभग 2000 पत्रिकायें मिलती हैं । यह पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं को संसाधन शेयरिंग कार्यक्रम के तहत देश के अन्य पुस्तकालयों से आलेख दिलाने में सहायता करता है । पुस्तकालय भी डिजिटॉल इंटर लाईब्रेरी लोन के रुप में बाहर के पुस्तकलायों को लेख भेजता है (dill@iopb.res.in)।

यह पुस्तकालय वातानुकूल भवन में अवस्थित है । उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए चौबिस घंटे खुला रहता है । बार-कोड़, ऑनलाइन-संरक्षण, प्रत्येक सदस्य को ई-मेल के माध्यम से अनुस्मारकों भेज कर पुस्तकें तथा पत्रिकाओं की वितरण प्रणाली को प्रभावी बनायी गयी है ।

पुस्तकालय का वर्गीकरण पूरी तरह से लिबसिस 4 (सं-6.2) सफ्टवेयार से लिनॉक्स प्लाटफर्म पर स्वचालित है जिसमें पूरी तरह से समाकलित विविध युजर पैकेज के साथ क्षमताशाली ढूंढने तथा प्रश्न करने की सुविधायें जुड़ी हैं । यह अधिग्रहण, वर्गीकरण, वितरण, क्रमांक नियंत्रण आदि के लिए सुविधा प्रदान करता है । पुस्तकालय की वेबसाइट पर पुस्तकों तथा पत्रिकाओं को WEB-OPAC का प्रयोग करके ढूँढा जा सकता है ।

1.4 अडिटोरियम :

हमारे परिसर में एक अडिटोरियम है, जहां हम नियमित रूप से परिसंवाद, संगोष्ठियाँ, कार्यशालायें, सम्मेलन, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं । इस अडिटोरियम में तीन सौ लोग बैठ सकते हैं । इन कार्यक्रमों का आयोजन के लिए इसमें उच्च गुणवत्ता की सुविधायें उपलब्ध हैं ।

2

शैक्षणिक कार्यक्रम

2.1	प्रि-डाक्टोरल कार्यक्रम	19
2.2	डाक्टोरल कार्यक्रम	20
2.3	लिखित / प्रस्तुत शोधग्रंथ	20
2.4	ग्रीष्मकालीन विद्यार्थी परिदर्शन कार्यक्रम	21
2.5.	परिदर्शन वैज्ञानिक कार्यक्रम	22

2.1 प्रि-डाक्टोरल प्रोग्राम

भौतिक विज्ञान में अनुसंधान करने के लिए युवा छात्रों को प्रशिक्षण देना और मार्गदर्शन करना संस्थान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है ।

इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए वर्ष 1975 से संस्थान में नियमित प्रि-डॉक्टोरल कोर्स (एम. एससी. के बाद) और उसके बाद डॉक्टोरल कार्यक्रम चालू किया गया है । भौतिकी संस्थान का प्रि-डॉक्टोरल कार्यक्रम एक अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम है। क्योंकि, अनुसंधान गतिविधियों को संचालन करने के लिए नये छात्रों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए इसकी अभिकल्पना की गयी है । प्रगत भौतिक विज्ञान और अनुसंधान कार्य-पद्धति में व्यापक प्रशिक्षण दिलाना इसका लक्ष्य है । पाठ्यक्रम योजना इस दृष्टि बनायी गयी है ताकि यह हर एक छात्र को न केवल डॉक्टरॉल रिसर्च में सहायक होगा बल्कि एक अच्छे भौतिक विज्ञान शिक्षक बनने के लिए सहायक होगा चाहे वह छात्र अनुसंधान करे या न करें । पिछले कुछ वर्षों से यह संस्थान भौतिक विज्ञान में पीएच.डी.कार्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु सारे देश के छात्रों के लिए एक संयुक्त चयन परीक्षा (JEST) को संचालन कराने में शामिल हुआ है । संस्थान में साक्षात्कार होने के बाद छात्रों का अंतिम चयन होता है। संस्थान द्वारा प्रदत्त प्रगत भौतिक विज्ञान में डिप्लोमा को आगे बढ़ाने के लिए प्रि-डॉक्टरॉल कार्यक्रम अगस्त 2015 से शुरू होकर जून 2016 को समाप्त हुआ है। इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम को उत्कल, ब्रह्मपुर और संबलपुर विश्वविद्यालयों द्वारा उनकी एम.फिल. डिग्री के समान मान्यता मिली है । प्रि.डॉक्टरॉल कार्यक्रम पूरा होने के बाद, छात्रों को संस्थान के किसी भी संकाय सदस्य के तत्वावधान में अनुसंधान करने की पात्रता मिल जाती है जिसकी पूर्णतातया रूप से पदवी प्राप्त होती है ,यह पीएच. डी. डिग्री उत्कल विश्वविद्यालय अथवा होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान द्वारा दी जाती है ।

प्रतिभा को पहचानने के लिए संस्थान ने अत्युत्तम प्रि-डाक्टराल छात्र हेतु ललित कुमारपंडा स्मारक निधि छात्रवृत्ति की स्थापना की है (एल.के. पंडा स्मारक छात्रवृत्ति)। छात्रवृत्ति के रूप में रु.5,000/- और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता हैं ।

इस साल, जेस्ट परीक्षा में उत्तीर्ण लगभग 218 उम्मीदवारों को जुलाई 2015 में प्रि-डाक्टराल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार बुलाया गया था, जिसमें जेस्ट परीक्षा सफल उम्मीदवार और यूजीसी-सीएसआईआर परीक्षा के सफल उम्मीदवार और जीएटीई के स्कोर होल्डर शामिल थे । उनमें से जितने उम्मीदवारों का अंतिम रूप चयन किया गया और उनमें से निम्नलिखित विद्यार्थियों ने जुलाई 2016 म्में सफलतापूर्वक प्रि-डॉक्टोरल कार्यक्रम पूरा किया :

1. श्री अल्पना दत्ता
2. श्री अमीर सी
3. श्री अतनु मैती
4. श्री दिव्येंदू रणा
5. सुश्री दिलरूबा हासिना
6. श्री मुक्कदर सेक

वर्ष 2015-16 के लिए उत्कृष्ट छात्र के रूप में श्री दिव्येंदु रणा को चुना गया था और उन्हें एल.के. पण्डा स्मारक छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया गया था ।

पढ़ाये गये पाठ्यक्रमों और उनके अनुदेशकों का ब्यौरा नीचे प्रस्तुत है :

त्रैमासिक - I (अगस्त-नवंबर)

क्वांटम गतिकी	:	प्रो. ए. साहा
गाणितिक पद्धति	:	प्रो. ए. विरमानी
क्लासिकॉल इलेक्ट्रोडायानामिक्स	:	प्रो. एस. मंडल
परीक्षण के सिद्धांत	:	डॉ. पी. वी. सत्यम
प्रयोगशाला परीक्षण	:	डॉ. पी. वी. सत्यम
		डॉ. टी. सोम
		डॉ. डी. तोपवाल
		डॉ. पी.के. साहू

त्रैमासिक - II (दिसम्बर -मार्च)

सांख्यिकीय यांत्रिकी	:	डॉ. जी. त्रिपाठी
प्रगत क्वांटम गतिकी	:	प्रो. एस. मुखर्जी
क्षेत्र सिद्धांत	:	प्रो. ए.एम. श्रीवास्तव
सांख्यिकीय पद्धति	:	डॉ. एस. वर्मा
प्रगत परीक्षण	:	संघनित पदार्थ प्रयोगात्मक सुविधा

त्रैमासिक - III (अप्रैल -जुलाई)

संघनित पदार्थ भौतिक विज्ञान	:	प्रो. एस. मंडल तथा प्रो. एस. साहु
कणिका भौतिक विज्ञान	:	प्रो. एस.के. पात्र तथा
		प्रो. पी.के. साहु

पाठ्यक्रम के अंश रूप में, प्रत्येक प्रि-डॉक्टोरल छात्र ने अंतिम तिमाही में संकाय निरीक्षक के तहत एक परियोजना बनाकर उसे प्रस्तुत किया था।

वर्ष 2015 -2016 के दौरान प्री-डॉक्टरॉल छात्रों द्वारा बनायी गयी परियोजनाओं का शीर्षक सहित विवरण नीचे दिया जा रहा है

पर्यवेक्षक का नाम	छात्र का नाम	परियोजना का शीर्षक
प्रो. एस. मंडल	**अतनु मैती**	प्रचकण तरंग एवं मागोन उत्तेजन का एक परिचय
प्रो. एस. मंडल	**दिव्येंदु रणा**	काइवेटल मॉडल
प्रो. ए. साहा	**अल्पना दत्ता**	आयनिक थेर्मोइलेक्ट्रिक कार्य निष्पादन और २ॅ टोपोलोजिकॉल विद्युतरोधक में असंगत सीबेक प्रभाव
[illegible]	**अमीर सी**	गतिशीलता में जेनेरिक रूट को देनेवाले सक्रिय ड्रॉपलेट का स्वत: सममिति विच्छेद
प्रो. टी. सोम	**दिलरूबा हसीना**	इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद (इसीआर) आयन स्रोत तथा इसकी कार्यनीति
प्रो. टी. सोम	**सेक. मुक्कदर**	सतह पर निम्न ऊर्जा आयन बीम आधारित स्वत:संगठित सोपान गठन

2.2 डॉक्टोरल कार्यक्रम

संस्थान के संकाय सदस्यों की देखरेख में विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान 33 डॉक्टरॉल छात्र अनुसंधान कर रहे हैं । वर्ष 2009 से सभी छात्रों का नाम होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) में पंजीकृत किया गया है । इस संस्थान को परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक मानित विश्वविद्यालय का दर्जा मिला है । अब प्रत्येक डॉक्टरॉल छात्र की प्रगति के बारे में वार्षिक समीक्षा अनिवार्य हो गयी है । यह छात्र के लिए एक समीक्षा समिति बनायी गयी है । यह समीक्षा साधारणत : प्रत्येक वर्ष जुलाई-अगस्त महीने में होती है ।

2.3 शोधग्रंथ प्रस्तुत

संस्थान के निम्नलिखित छात्रों को उनके शोधग्रंथ के आधार पर होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) द्वारा पीएच. डी. उपाधि प्रदान की गयी है :

1. **सुश्री सबिता दास** : शोधग्रंथ का शीर्षक : आरएचआईसी बीम ऊर्जा स्कैन प्रोग्राम के तहत स्टार में पहचानी गयी कणिका उत्पादन एवं फ्रिज-आउट गतिकी । सलाहाकार : प्रो. सुधाकर पंडा, सह-मार्गदर्शक : प्रो. वेदांगदास मोहांति नाइजर ।

2. **परमिता मिश्रा** : शोधग्रंथ का शीर्षक : प्रकाशउत्सर्जन स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग करते हुए कई सोपानित अतिचालकों और अर्धचालकों का इलेक्ट्रोनिक संरचना अध्ययन, सलाहाकार : प्रो. बी. आर. शेखर।

3. **पार्थ बागची** : शोधग्रंथ शीर्षक : भारी आयन संघट्टन में समय आश्रित क्वार्क-एंटीक्वार्क की क्षमता और क्वार्कोनिआ निरोध, सलाहाकार: प्रो. सीखा वर्मा ।

4. **तन्मय पाल** : शोधग्रंथ शीर्षक : मिलन बिंदु के पास डीएनए भौतिकी, सलाहाकार : प्रो. एस. बनर्जी ।

5. **वनराज सोलांकी** : शोधग्रंथ शीर्षक : प्रकाश-अवशोषण तथा प्रतिरोधक स्वीचन गुणधर्मों के लिए आयन बीम सोपानित सतह तथा *TiO2, ZnO, NiO* के अक्साइड नानोसंरचना का अध्ययन , सलाहाकार : प्रो. सीखा वर्मा ।

6. **शैलेश कुमार सिंह** : शोधग्रंथ का शीर्षक : प्रावस्था के नाभिकीय समीकरण और ड्रिप लाइन नाभिक के माध्य क्षेत्र सिद्धांत के अनुप्रयोग, सलाहाकार : प्रो. एस. के. पात्र ।

7. **सुभाशिष राणा** :शेधग्रंथ का शीर्षक : छोटे मानों पर क्लासिकॉल तथा क्वांटम सिस्टम्स पर तापीय उच्चावचन के प्रभाव, सलाहाकार : प्रो. टी. सोम ।

8. **अर्णब घोष** : शोधग्रंथ का शीर्षक : परवर्त्ती ऑक्सिजन कम अक्साइड हेट्रो-नानोसंरचना *(Au-ZnO* और *Au-GeO2)* के विकास, लक्षणन और अनुप्रयोग, सलाहाकार : प्रो. पी.वी. सत्यम ।

9. **श्रीकमुार सेनगुप्त** : शोधग्रंथ शीर्षक : *QCD* प्रावस्था संक्रमण सहित प्रतिक्रिया-विसरण समीकरण के पहलूओं, सलाहाकार : प्रो. ए.एम. श्रीवास्तव ।

10. **मोहित कुमार** : शोधग्रंथ का शीर्षक : आधारित सौर ऊर्जा कक्ष के विकास एवं लक्षणन, सलाहाकार : प्रो. टी. सोम ।

2.4 ग्रीष्मकालीन विद्यार्थी परिदर्शन कार्यक्रम (SSVP) :

एसएसवीपी कार्यक्रम का लक्ष्य है युवा छात्रों को विभिन्न अग्रणी अनुसंधान क्षेत्रों में विशेष करके संस्थान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों की खोज करने के लिए प्रेरित करना है। ग्रीष्मकालीन विद्यार्थी परिदर्शन कार्यक्रम 18 मई से 03 जुलाई 2015 तक आयोजन किया गया था । प्रत्येक छात्र को आने जाने का खर्च, आवास सुविधा प्रदान की गयी थी तथा छात्रवृत्ति के रूप में रू 5000/- भुगतान किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक छात्र संस्थान के किसी भी एक संकाय सदस्य के अधीन काम करता है । अंत में छात्र को दिये गये विषय पर एक व्याख्यान प्रदान करना पड़ता है।

छात्र का नाम	सेमिनार का विषय	सलाहाकार
अबिनाश कर	दो एनियन सिस्टमस पर एक अध्ययन	प्रो.एस. मंडल
लाबण्य घोष	परमाणु बल माईक्रोस्कोपी और इसके अनुप्रयोग	प्रो. टी. सोम
राजु नंद	पूर्वकालीन विश्व और कॉस्मिक माईक्रोवेव पृष्ठभूमि	प्रो. ए.एम. श्रीवास्तव
रुचिका गुप्ता	एकल मास्क ट्रिप्पल जीईएम संसूचक की दीर्घकालिक स्थिरता जांच	प्रो. पी.के. साहू
तुलिका त्रिपाठी	आइनसटाइन	प्रो.एस. मुखर्जी
दीपक कु. बेहेरा	स्पंदित लेजर निक्षेपण प्रक्रिया द्वारा पतली झिल्ली के विकास	प्रो. टी. सोम

3

अनुसंधान

3.1	सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी	25
3.2	सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी	31
3.3	सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी	37
3.4	प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी	40
3.5	क्वांटम सूचना	45
3.6	प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी	47

3.1 सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी

असंगत ब्राओनिअन रेफरीजेरेटर

हमने दो तापीय बेथ के बीच कार्नोट-टाइप रेफरीजेरेटिंग प्रोटोकॉल आपरेटिंग द्वारा चालित एक ब्राओनियन कणिका का विस्तार से अध्ययन किया है। दोनों निम्नअवमंदित और उर्ध्वअवमंदित सीमाओं की जांच की गयी है । यह कणिका समयोचित मजबूती है और बाथों के बीच गोलीय कणिका को परिचालित करता है। प्रत्येक चक्र में भिन्न तापमात्रा में दो आइसोथर्माल सोपान होते हैं और दो समोष्ण सोपान एक दूसरे से जुड़े रहते हैं। एक स्टोकेटिक रेफरीजेरेटर के रूप में काम करने के अलावा, यह विश्लेषणात्मक रूप से दिखाया गया है कि अर्धस्थिर क्षेत्र के मामले में बाथ तापमात्रा के आधार पर, यह सिस्टम स्टोकेस्टिक हीटर के रूप में काम कर सकता है। दिलचस्पी की बात यह है कि गैर अर्ध-स्थिर क्षेत्र में, चक्रीय समय और बाथ तापमात्रा के निश्चित सीमा के लिए हमारी प्रणाली एक प्रसंभाव्य ऊष्म इंजन के काम कर सकता है । हम दिखाते हैं कि इस इंजन की ऑपरेशन विश्वासयोग्य नहीं है। निष्पादन का प्रसंभाव्य दक्षता/गुणांक का उतार-चढ़ाव उनके माध्य मूल्य को प्रभावित करता है। उनके वितरण पावर लॉ पूंछ को दिखाते हैं, तथापि प्रतिपादक सार्वभौमिक नहीं है। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि माइक्रोस्कोपिक मशीनें माक्रोस्कोपिक मशीनों के समान नहीं हैं हम अपने दैनिक जीवन में पाते हैं। हम पाते हैं कि कोई भी इंजन प्रोटोकॉल और इसके विपरीत के तहत हमारी प्रणाली का कार्यनिष्पादन के बीच कोई लेना-देना नहीं होता है।

शुभाशिष राणा, पी. एस. पाल, अर्णब साहा और ए. एम. जायण्णवर

हामिलटोनियन ढांचा के भीतर दोहराया माप एवं प्रतिक्रिया के लिए विस्तारित अस्तिरता प्रमेय

हमने कई मापन और प्रतिक्रिया की उपस्थिति में विस्तारित उच्चावचन प्रमेयों को खोज निकाला है, जब प्रणाली हामिलटोनियन गतिकी द्वारा परिचालित है। हम इस व्युत्पति में अग्र प्रावस्था स्पेस ट्राजेक्टरी को ही इस्तेमाल किया है। परंतु, प्रभाविकता पैरामीटर की अभिव्यक्ति को पाने के लिए, हमें विपरीत ट्राजेक्टरी की धारणा अत्यंत जरूरी है । हमारा परिणाम दिखाया है कि विस्तारित अस्थिरता प्रमेय के प्रतिपादक में सुधार होने की अवधि अनुपम है, जबकि प्रभावकारित पैरामीटर भी अद्वितीय है।

सौरभ लाहिरी और ए. एम. जायण्णवर

पुरानी प्रचकणों की ब्राउनियन गति : असंगत विसरण और साधरणीकृत लांगेविन समीकरण

इस शोध निबंध में , हम पूर्णत: गतिकीय हामिलटोनियन विवरण से लेकर, ऊष्म बाथ से अंतक्रिया करने वाली एक पुरानी प्रचक्रण की विश्रांति का विश्लेषण करते हैं । साधारणीकृत समीकरण (GLE) सहित असंगत विरण की ढांचा में एक असंगत समस्या का विश्लेषण विस्तार से किया गया है। जीएलई के बाद फोकर-प्लांक को खोज निकाला गया है और साम्यवस्था संभाव्य वितरण की अवधारणा का विश्लेषण किया गया है। इस प्रक्रिया में हम गैर-मार्कोवियन मामले में साम्य वितरण में कई कठिनाइयों को पहचाना है और इस कठिनाई को दूर करने के लिए उपचार की चर्चा भी की गई है।

मलय बंदोपद्याय और ए. एम. जायण्णवर

एकल कणिका ऊष्म इंजनों और समय असममित प्रोटोकॉल रेफरीजेरेटरों की परिचालन विशेषताएँ

हमने एक निश्चित समय के भीतर एकल कणिका ऊष्म इंजीन एवं समय असममितिक प्रोटोकॉल से परिचालित रेफरीजेरेटर का अध्ययन किया है। हमारी पद्धति में एक कणिका हार्मोनिक ट्राप सहित समय के अनुसार तीव्रता समाहित है, जो दो बॉथों के बीच में कणिका क्रांतिकता को परिचालित करता है । प्रत्येक चक्र में दो आइसोथर्माल चरण होते हैं जिनकी तापमात्रा अलग अलग है और दो डायबेटिक चरण

